प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21.08.2024 **(दोपहर–1455 बजे)**

****

कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ रांची समेत देशभर में चिकित्सकों का विरोध प्रदर्शन जारी है। इधर रांची स्थित रिम्स में जूनियर डॉक्टर्स की हड़ताल आज नौवें दिन भी जारी रही। इस दौरान ओपीडी सेवा से लेकर सर्जरी तक बंद है, जिससे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सिर्फ इमरजेंसी सेवा ही गंभीर मरीजों को मिल रही है। दूसरी ओर एआरटी सेंटर, डाट सेंटर और बच्चों के इम्यूनाइजेशन सेंटर को खोल दिया गया है।

****

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी ने कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग से निर्देश मिलने के बाद प्रशासनिक सेवा में लैटरल एन्ट्री से संबंधित विज्ञापन रद्द कर दिया है। इस मुद्दे पर सरकार का ष्टिकोण स्पष्ट करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि लैटरल एन्ट्री के निर्णय को आरक्षण के सिद्धांतों से जोड़ने के पीछे प्रधानमंत्री की सामाजिक न्याय के प्रति वचनबद्धता व्यक्त होती है।

****

पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 23 अगस्त को देशभर में मनाया जाएगा। इस वर्ष के उत्सव का विषय चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूनारू भारत की अंतरिक्ष गाथा है। इस मौके पर नयी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह का उदघाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले साल इसी दिन चंद्रयान 3 मिशन ने चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग पूरी की थी। मौके पर मौजूद इसरो के वैज्ञानिक सचिव शंतनू भाटवडेकर ने कहा कि भारत चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के पास उतरने वाला पहला देश है।

****

राज्य के मंत्री और झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन नया संगठन बनाने के संकेत दिये हैं। दिल्ली से कोलकाता के रास्ते सरायकेला के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत झिलींगोडा स्थित अपने आवास पहुंचने पर उनके समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वे राजनीति में सक्रिय रहेंगे और नये अध्याय की शुरुआत करेंगे।

****

जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद ट्रेनिंग विमान पटमदा थाना क्षेत्र के आमदा पहाड़ी इलाके में पहाड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। विमान की तलाश में चांडिल डैम और आसपास के क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। एनडीआरएफ की टीम पिछले 12 घंटे से अधिक समय विमान की तलाश कर रही है। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि इस विमान ने दोपहर करीब एक बजे सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरा था और लगभग 15 मिनट बाद ही इसका एयर ट्रैफिक कंट्रोलर–एटीसी से संपर्क टूट गया।

****

धनबाद जिले के ग्रामीण इलाकों में मंईयां सम्मान योजना के नाम पर महिलाओं को ठगने की शिकायतें सामने आई हैं।

****

गुमला, लातेहार, लोरदगा और पश्चिमी सिंहभूम में वर्षा एवं वज्रपात की चेतावनी के बाद मौसम विभाग ने राज्य के 3 और जिलों के लिए वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। रांची स्थित मौसम केंद्र ने येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि राजधानी रांची और गढ़वा के साथ–साथ सरायकेला–खरसावां जिले में कुछ जगहों पर अगले 2 घंटे में गरज के साथ वज्रपात होने की संभावना है। कहीं–कहीं वर्षा भी हो सकती है।